**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**30.01.2025/प्रादेशिक समाचार/1800 बजे**

**गांधी दिवस– सर्वधर्म प्रार्थना**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 77वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित कर गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नई दिल्ली के राजघाट स्थित गांधी समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। हर साल 30 जनवरी को राष्ट्र महात्मा गांधी की जीवनी व विरासत को स्वतंत्रता संग्राम के मार्गदर्शक के रूप में याद करता है। इस दिन को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

**प्रदेश शहीद दिवस**

इधर, प्रदेश में भी महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर दो मिनट का मौन भी रखा गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को एकजुट किया और आज़ादी दिलाई।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि देश की आज़ादी में महात्मा गांधी द्वारा दिए गए योगदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि गांधी जी की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और सभी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

## भेंट

तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने आज नई दिल्ली में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू से भेंट की। उन्होंने प्रदेश की दो विद्युत परियोजनाओं में रूचि व्यक्त करते हुए एक पत्र प्रस्तुत किया। तेलंगाना सरकार ने हिमाचल सरकार से इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन प्रस्तुत करने का आग्रह किया ताकि इस मामले को आगे बढ़ाया जा सके। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने बताया कि तेलंगाना विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने सेली और मियार जल विद्युत परियोजना स्थलों का दौरा किया है और सौ मैगावॉट से अधिक क्षमता वाली परियोजनाओं में रूचि दिखाई है।

## कृषि मंत्री

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार गांवों के विकास को विशेष प्राथमिकता दे रही है और अधिकांश योजनाएं गांवों के विकास पर केन्द्रित हैं। उन्होंने आज ज्वाली विधानसभा क्षेत्र की भलूं पंचायत में 33 लाख रूपए से बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। चंद्र कुमार ने कहा कि सामाजिक सेवा क्षेत्र सरकार की प्राथमिकता है और वृद्धावस्था व विधवा पैंशन को एक हज़ार दो सौ रूपए से बढ़ाकर एक हज़ार 5 सौ रूपए कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पात्र महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के तहत चरणबद्ध ढंग से 15 सौ रूपए की राशि दी जा रही है।

## चिट्टा

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से चिट्टे की तस्करी के मामलों में वृद्धि हो रही है और पुलिस द्वारा इसके खिलाफ अभियान चलाया गया है। इसी कड़ी में शिमला व्यापार मण्डल ने भी चिट्टे के कारोबार से जुड़े लोगों को पकड़ने के लिए एक अनूठी पहल की है। व्यापार मण्डल ने चिट्टा तस्करों की सूचना देने वालों को नगद ईनाम देने का ऐलान किया है। शिमला व्यापार मण्डल के अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने कहा कि शिमला शहर में बढ़ते चिट्टा तस्करी के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए व्यापार मण्डल ने बैठक कर ये निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि चिट्टा तस्करों की सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

..................................................